उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

पत्रांक संख्या : ओ.यू./786 /2023 दिनाँक : 13 –09–2023

अधिसूचना

उत्तर प्रदेश शासन के संलग्न पत्र संख्या–2059/सत्तर–3–2023 दिनाँक 11 अगस्त, 2023 के बिन्दु 3 (iii) के अनुपालन में स्वयं स्थानीय चैप्टर (SWAYAM Local Chapters) के गठन हेतु एतद्द्वारा मा. कुलपति जी के निर्देशानुसार निम्नवत समिति का गठन किया जाता है :–'

1. प्रो. श्रुति, आचार्य, विज्ञान विद्याशाखा –संयोजक
2. डॉ. आर.जे.मौर्या, उप पुस्तकालयाध्यक्ष/उप निदेशक, सेन्टर फॉर ऑनलाइन एजूकेशन –सदस्य
3. डॉ.गौरव संकल्प, असिस्टेन्ट प्रोफेसर (संविदा), प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा –सदस्य

संलग्नक–उक्तवत

भवदीय

(विनय कुमार)
कुलसचिव

संख्या : ओ.यू./786(1)/2023 तद्दिनाँक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. उपरोक्तानुसार गठित समिति के संयोजक एवं सदस्यगण।
2. विश्वविद्यालय के समस्त निदेशकगण।
3. प्रो. अजेन्द्र कुमार मलिक, आचार्य विज्ञान विद्याशाखा/ निदेशक, सेन्टर फॉर ऑनलाइन एजूकेशन को इस आशय से प्रेषित कि कृपया प्रश्नगत कार्य हेतु गठित समिति को सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, आई.सी.टी. को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
5. वित्त अधिकारी, उ.प्र.राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
6. कुलपति जी के निजी सचिव को माननीया कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।

(विनय कुमार)
कुलसचिव

महत्वपूर्ण

संख्या– 2059 /सत्तर–3–2023

प्रेषक,

एम0पी0 अग्रवाल,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. निदेशक,
उच्च शिक्षा,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

2. कुलसचिव,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3

लखनऊ : दिनांक // अगस्त, 2023

विषयः भारत सरकार द्वारा विकसित स्वयं (SWAYAM) पोर्टल पर उपलब्ध गुणवत्तापरक पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि यू0जी0सी0 द्वारा अधिसूचित 'University Grants Commission (Credit Framework for Online Learning Courses through Study Webs of Active Learning for Young Aspiring Minds) Regulations, 2021' के अनुसार किसी डिग्री पाठ्यक्रम में कुल क्रेडिट का 40 प्रतिशत तक स्वयं (SWAYAM) पाठ्यक्रमों के माध्यम से अर्जित किया जा सकता है। देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों द्वारा तैयार किये गये उक्त पाठ्यक्रम छात्रों के लिये पूर्ण रूप से निःशुल्क हैं।

2– स्वयं (SWAYAM) टीम के साथ विस्तृत चर्चा के पश्चात किस्प संस्था द्वारा स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों में से 287 पाठ्यक्रमों को शार्टलिस्ट किया गया है, जो वर्तमान शैक्षणिक सत्र में प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों के लिये ऑफर किये जा रहे हैं।

3– इस सम्बन्ध में किस्प संस्था के पत्र दिनांक 21.07.2023 एवं उसके साथ संलग्न 287 स्वयं पाठ्यक्रमों की सूची संलग्न कर प्रेषित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत प्रकरण में यू0जी0सी0 के उक्त रेगुलेशन, 2021 में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार निम्नवत् कार्यवाही कराने का कष्ट करें :–

(i) यू0जी0सी0 रेगुलेशन को स्वीकार करने तथा स्वयं पाठ्यक्रमों के माध्यम से अर्जित क्रेडिट्स के अंकपत्र पर ट्रांसफर की अनुमति देना।

(ii) शैक्षणिक सत्र 2023–24 में उपलब्ध स्वयं पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में सभी छात्र–छात्राओं को जानकारी देना।

(iii) स्वयं प्रकोष्ठ से प्रशिक्षण व मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिये सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में स्वयं स्थानीय चैप्टर (SWAYAM Local Chapters) का गठन करना, जिससे स्वयं (SWAYAM) पाठ्यक्रमों का सर्वोत्तम उपयोग हो सके।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय

(एम0पी0 अग्रवाल)
प्रमुख सचिव।

RPS GO

16/08/2023